# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ / संस्था / 13 / पार्ट–5 / 03649 / 2021 जयपुर, दिनांकः 30.09.2021

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ / संस्था / 13 / पार्ट–5 / 02831 / 2021 दिनांक 13.08.2021 के द्वारा श्री भोजराज यादव, सूचना सहायक का स्थानांतरण / पदस्थापन कार्यालय–संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, हनुमानगढ़ से सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, पंचायत समिति–पीसांगन, अजमेर में श्री दया राम, सूचना सहायक के स्थान पर किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा सिविल रिट याचिका संख्या 11109 / 2021 में पारित आदेश दिनांक 19.08.2021 के द्वारा श्री भोजराज यादव के स्थानांतरण आदेश दिनांक 13.08.2021 के प्रभाव एवं क्रियांवयन पर रोक लगाई गई है। माननीय न्यायालय के आदेश की पालना में श्री भोजराज यादव, सूचना सहायक अपने पूर्व पदस्थापित कार्यालय यथा संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, हनुमानगढ में यथावत कार्यरत रहेंगे।

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ / संस्था / 13 / पार्ट–5 / 02831 / 2021 दिनांक 13.08.2021 के द्वारा श्री दया राम, सूचना सहायक का स्थानांतरण सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, पंचायत समिति–पीसांगन, अजमेर से संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, हनुमानगढ़ किया गया था, जिसे निरस्त किया जाता है और श्री दया राम, सूचना सहायक का स्थानांतरण / पदस्थापन कार्यालय– सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, पंचायत समिति–पीसांगन, अजमेर (रिक्त पद पर) किया जाता है।

उपरोक्त आदेश की पालना में श्री दया राम अपने नवपदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति देवें।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

नोटः–नियमानुसार यात्रा भत्ता / योगकाल देय होगा।

आज्ञा से,

( सुनील छाबडा )
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1 निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय (प्रभारी मंत्री महोदय, सू.प्रौ. और संचार विभाग) राजस्थान, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव / आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3 कार्यालयाध्यक्ष / प्रभारी अधिकारी संस्थापन, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
4 संबंधित विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष.................................................................।
5 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
6 प्रभारी अधिकारी विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित) / लीगल सैल, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7 संबंधित कर्मचारियों को प्रेषित कर लेख है कि तुरन्त प्रभाव से नव पदस्थापन विभाग में कार्यग्रहण कर इस विभाग को सूचित करें साथ ही कार्यग्रहण रिपोर्ट oic.estt@rajasthan.gov.in पर ई–मेल करें।
8 निजी / रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव